

### क्या कहा स्वरा ने

स्वरा ने ट्वीट किया, प्रिय डैरेन सैमी अगर किसी व्यक्ति ने अश्वेत व्यक्ति के लिए 'एन' शब्द का इस्तेमाल करने के बाद कोई कहे कि हम ऐसी जगह से हैं जहां प्यार बसता है, तो इस पर आप क्या कहते? यही बात कालू जैसे शब्द के साथ है। टीम सनराइजर्स हैदराबाद कुछ सभ्यता और दम दिखाइए और आधिकारिक तौर पर सैमी से माफी मांगिए। यह क्रिकेट नहीं है। स्वरा ने अपने ट्वीट में सनराइजर्स हैदराबाद और आईपीएल को टैग भी किया है।

## सैमी के साथ नस्लीय व्यवहार में स्वरा भास्कर की एंट्री, क्रिकेटर ने दिया जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। डैरेन सैमी के साथ आईपीएल के दौरान हुए नस्लीय व्यवहार के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर की भी एंट्री हो गई है। स्वरा ने ट्वीट कर कहा है कि सैमी के लिए कालू शब्द का इस्तेमाल करने वाले क्रिकेटरों को आधिकारिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि सैमी ने कहा था उन्होंने सनराइजर्स के अपने साथी से बात कर ली है और अब उन्हें माफी मंगवाने की जरूरत नहीं है। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उन्हें नस्ली उपनाम से संबोधित करने वाले एक साथी ने उनसे बात कल ली है और कहा है कि वह प्यार से उन्हें ऐसा कह रहा था जिसके बाद वह माफीनामा नहीं चाहते हैं। सैमी ने ट्वीट किया, 'मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मेरी एक साथी के साथ वास्तव में दिलचस्प बात हुई। हम नकारात्मक चीजों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय लोगों को शिक्षित करने के तरीकों पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे भाई ने मुझे आश्वस्त किया है कि उसने प्यार से ऐसा कहा और मुझे उस पर विश्वास है।' वहीं सैमी ने स्वरा को जवाब दिया है। उन्होंने लिखा, आप मुझे गलत मत समझिए, जो भी कहा गया या फिर किया गया मैं उसे नजरअंदाज नहीं कर रहा हूं।

# टीम इंडिया का श्रीलंका और जिम्बाब्वे दौरा स्थगित

**क्रिकेट**

## बोर्ड ने कहा– कोरोना खौफ काल में क्रिकेट संभव नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम का आगामी श्रीलंका और जिम्बाब्वे स्थगित कर दिया गया है। इस बारे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने प्रेस रिलीज किया है। बोर्ड का कहना है कि मैचों के आयोजन के लिए अभी स्थिति व्यावहारिक नहीं है। बोर्ड ने कहा– भारतीय क्रिकेट टीम कोविड–19 की भयानक स्थिति में श्रीलंका और जिम्बाब्वे दौरा नहीं कर सकती है।

टीम को 24 जून से श्रीलंका में 3 वनडे और इतने ही टी–20 खेलना था, जबकि जिम्बाब्वे में 22 अगस्त से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलना था। बोर्ड ने आगे कहा– जैसा कि 17 मई को बताया गया था कि जब स्थिति पूरी तरह ठीक होगी तब खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग कैम्प लगाया जाएगा। बोर्ड भारत सरकार से इस बारे में जारी सभी नियमों को ध्यान रखते हुए फैसला लेगी। उल्लेखनीय है क सीरीज के रद्द होने की उम्मीद की जा रही थी क्योंकि भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक ट्रेनिंग शुरू नहीं की है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। देश में इस संक्रमण से अब तक आठ हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। खिलाड़ियों को अभ्यास शुरू होने के बाद भी मैच फिटनेस हासिल करने में चार से छह हफ्ते लगेंगे।



**टीम को 24 जून से श्रीलंका में 3 वनडे और इतने ही टी–20 खेलना था**

इस बारे में धूमल ने कहा था, 'टीम अभी अभ्यास नहीं कर पा रही है और हमें नहीं पता कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा की पाबंदियां कब हटेंगी। ऐसे में जून जुलाई में दौरा संभव नहीं है।' दूसरी ओर, एसएलसी ने कहा था, 'बीसीसीआई ने श्रीलंका क्रिकेट को जानकारी दी है कि कोविड–19 महामारी को लेकर मौजूदा स्थिति को देखते हुए 3–3 वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज का आयोजन व्यावहारिक नहीं होगा।'

## स्पिनरों के लिए भी महत्वपूर्ण है लार, ड्रिफ्ट पाने में मिलती है मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का मानना है कि लार के उपयोग पर प्रतिबंध से तेज गेंदबाजों ही नहीं स्पिनरों को भी नुकसान होगा क्योंकि इससे उन्हें बीच के ओवरों में जरूरी 'ड्रिफ्ट' नहीं मिलेगी।

**लार नहीं तो बल्लेबाजों को अधिक मददः** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कोविड–19 महामारी को देखते हुए अंतरिम स्वास्थ्य उपायों के तहत गेंद पर लार का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि यह खेल बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल बन जाएगा।

**स्पिनर्स को मिलती है ड्रिफ्टः** चहल ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, 'जब आप लार जैसी कोई प्राकृतिक चीज का उपयोग करते हो तो इससे तेज गेंदबाजों को स्विंग हासिल करने और स्पिनरों को ड्रिफ्ट पाने में मदद मिलती है।'

**हरभजन की सलाह आई कामः चहल**

**हल तलाशने की उम्मीदः** 'ड्रिफ्ट' क्रिकेट की शब्दावली है जिसका उपयोग धीमी गति के गेंदबाज द्वारा हवा के बहाव से स्पिन हासिल करने के लिए किया जाता है। चहल ने कहा, 'अगर एक स्पिनर बीच के ओवरों में ड्रिफ्ट हासिल नहीं कर सकता तो बल्लेबाजों के लिए आसानी होगी। इससे दुनिया का प्रत्येक गेंदबाज प्रभावित होगा। एक बार नेट्स पर गेंदबाजी करने के बाद ही मैं इसका समाधान ढूंढ पाऊंगा।'

**स्पिनर भी करते हैं लार का इस्तेमालः** उन्होंने कहा, 'स्पिनर भी गेंद को चमकाने के लिए लार का उपयोग करते हैं क्योंकि हमें पता होता है कि हमारे बाद तेज गेंदबाज गेंद थामंगे या वह दूसरे छोर से गेंदबाजी कर रहा होता है।

'चहल ने कहा, 'मैं गेंद को उस स्थिति में रखना पसंद करता हूं जिससे उससे तेज गेंदबाजों को मदद मिले। तेज गेंदबाज भी ऐसा सोचते हैं। जब वे देखते हैं कि स्पिनर आने वाले हैं तो वे गेंद को बहुत अधिक चमकाने से बचते हैं। हम इस तरह से रणनीति बनाते हैं।' अपने खेल के बारे में इस लेग स्पिनर ने कहा कि मुंबई इंडियन्स की तरफ से आईपीएल खेलते हुए हरभजन सिंह की एक सलाह उनके लिए हमेशा काम आई। 'हरभजन सिंह ने एक बार मुझसे कहा था कि हमेशा एक गेंदबाज के तौर पर अपने कौशल पर भरोसा करो।

## पाक की गली–गली में इरफान पठान, बात से पलटे, हुए शर्मसार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पाकिस्तान। पाकिस्तान के दिग्गज जावेद मियांदाद आज 63 वर्ष के हो गए। 12 जून, 1957 को कराची में जन्मे जावेद जितना अपनी विस्फोटक बैटिंग के लिए मशहूर थे, उतना ही अपने विवादित बयानों के लिए बदनाम भी हैं। एक बार तो उन्हें अपने बड़बोले बयान की वजह से शर्मसार भी होना पड़ा था। यह किस्सा 2004 का है। मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली की कप्तानी में भारत ने साल 2004 में पाकिस्तान का दौरा किया, तब इरफान भी टीम का हिस्सा थे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तत्कालीन कोच जावेद मियांदाद ने तब कहा था कि इरफान जैसे गेंदबाज पाकिस्तान की गली–गली में मिल जाते हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज और लेफ्ट आर्म मीडियम पेसर इरफान के पिता महमूद पठान को मियांदाद के इस बयान से काफी निराशा हुई और उन्होंने पाकिस्तानी कोच से मिलने की इच्छा जताई। इसके बाद इरफान पठान के पिता महमूद खान पठान मियांदाद से मिलने पाकिस्तानी टीम के ड्रेसिंग रूम में पहुंच गए। अचानक इरफान के पिता को अपने सामने देख मियांदाद खड़े हो गए। वह अवाक थे। वह सफाई देने लगे– मैंने आपके बेटे के बारे में ऐसा कुछ भी नहीं कहा।

## न्यूज डायरी



### शर्टलेस सुरेश रैना की ऐसी तस्वीर, चेन्नै सुपर किंग्स ने लिए मजे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग की 3 बार की विजेता फ्रैंचाइजी चेन्नै सुपर किंग्स के ट्विटर अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की गई है। तस्वीर में दिग्गज भारतीय ऑलराउंडर सुरेश रैना शर्टलेस दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए सीएसके ने रैना का मजा लिया है। फ्रैंचाइजी ने लिखा– जब आप आलसी लॉकडाउन के दौरान सफलतापूर्वक स्नान करते हैं...। तस्वीर में रैना मसल्स दिखाते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर पुरानी है। पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी और विस्फोटक बल्लेबाज सुरेश रैना इस फ्रैंचाइजी का शुरुआत से ही हिस्सा रहे हैं। सीएसके ट्विटर हैंडल पर अपने टीम के क्रिकेटरों की तस्वीर और वीडियोज अक्सर शेयर करते हुए रोचक कॉमेंट करता रहता है। इस तस्वीर पर लोगों ने भी कॉमेंट किए हैं। कुछ ने तो उन्हें चिन्ना थाला भी बताया है। जहां तक सुरेश रैना के करियर की बात है तो उन्होंने आईपीएल में 193 मैच खेले हैं।

### एडम गिलक्रिस्ट ने की भारतीय मूल की इस नर्स की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्ट्रेलिया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और दुनिया के महानतम विकेटकीपर बल्लेबाजों में शुमार एडम गिलक्रिस्ट ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान केरल की एक नर्स की तारीफ है। शेरॉन वर्गीस ने इस महामारी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में बड़ी जिम्मेदारी से अपना काम किया जिसकी तारीफ गिलक्रिस्ट कर रहे हैं। गिलक्रिस्ट में ऑस्ट्रेलिया में रह रहे प्रवासियों की खूब तारीफ कर रहे हैं। एडम गिलक्रिस्ट ने की भारतीय मूल की इस नर्स की तारीफ, कहा आपका काम शानदारऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हो रहा है। इसमें वह भारतीय मूल की नर्स शेरॉन वर्गीस की खूब तारीफ कर रहे हैं। शेरॉन ऑस्ट्रेलिया के तटीय शहर वॉलॉन्गॉन्ग में काम कर रही हैं। गिलक्रिस्ट ने कहा है कि शेरॉन श्दयालुताश का भाव दिखा रही हैं। इस वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। गिलक्रिस्ट ने अपने वीडियो में कहा, शेरॉन आपको अपने इस निस्वार्थ काम के लिए बहुत बधाई हो।

### हरभजन सिंह ने की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली इस टेस्ट सीरीज की तुलना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का करियर करीब दो दशक पहले शुरू हुआ था। भज्जी ने अपने क्रिकेट करियर पर खुद तो उतार–चढ़ाव देखे ही हैं। साथ ही साथ उन्होंने भारतीय टीम के अच्छे और बुरे समय को भी देखा है, क्योंकि भारत ने कुछ टूर्नामेंट इस दौरान हारे हैं तो कुछ जीते भी हैं। आंकड़ों की बात करें तो हरभजन सिंह भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। यह सब इस सदी की शुरुआत में हुआ जब भज्जी ने घरेलू टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उस सीरीज को आज भी क्रिकेट में खेले गए सबसे महान सीरीजों में गिना जाता है और शायद घरेलू धरती पर भारत के लिए यह सबसे बड़ी जीत है। स्टीव वॉ की टीम ने मुंबई में शुरुआती टेस्ट में शानदार जीत दर्ज की, क्योंकि भारत के खिलाफ कंगारू टीम अलग रंग में खेली। भारत को कोलकाता में भी फॉलोऑन करने के

### नई शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे खेलः रिजिजू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। खेल मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि देश की नई शिक्षा नीति में खेल पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे और इन्हें अतिरिक्त गतिविधि नहीं समझा जाएगा। '21वीं शताब्दी में ओलिंपिक और ओलिंपिक शिक्षा पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार' के उद्घाटन सत्र के दौरान रिजिजू ने कहा कि देश की नई शिक्षा नीति में खेल भी शिक्षा का हिस्सा होंगे। वह साथ ही देश का 'ओलिंपिक म्यूजियम' बनाने को लेकर भी उत्सुक हैं। रिजिजू ने कहा, 'मेरा हमेशा से विश्वास रहा है कि शिक्षा एक है, खेल एक है। ये दोनों समान हैं।' उन्होंने कहा कि खेल को वैकल्पिक विषय के रूप में नहीं देखा जा सकता और इसे शिक्षा के रूप में स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा, 'खेल भी एक शिक्षा है, इसलिए खेल अतिरिक्त गतिविधि में शामिल नहीं हो सकते।